# डायट बड़कोट में हुआ एकदिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन



**बड़कोट/उत्तरकाशी( बद्री विशाल )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट उत्तरकाशी में एक दिवसीय राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट बड़कोट प्राचार्य संजीव जोशी एवं मुख्य अतिथि प्रो. बृज मोहन प्रो. ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन इन लैंग्वेजेस, द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस एकदिवसीय सेमिनार का शीर्षक इनोवेशन इन इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग- स्ट्रेटजीज फोर फाऊंडेशनल स्टेज एंड मिडिल स्टेज क्लासरूम रहा। सेमिनार की शुरुआत सुगमकर्ता हेमू बिष्ट के द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने उत्तराखंड की शिक्षा प्रणाली का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. बृज मोहन मुख्य संदर्भदाता की भूमिका में रहे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य फाऊंडेशनल स्टेज और मिडिल स्टेज कक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा को नवाचार के माध्यम से सरल व सुदृढ़ बनाना रहा। इसमें उत्तराखंड के समस्त जिलों से आए अंग्रेजी भाषा के शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किये। इसमें विभिन्न जिलों के शिक्षक प्रगति चमियाल- उत्तरकाशी , अजयपाल सिंह नेगी- टिहरी गढ़वाल, त्रिलोक सिंह रावत- पौड़ी गढ़वाल,कपिल मुनियाल - देहरादून, गरिमा सेमवाल - रुद्रप्रयाग, रजनी सजवान- चमोली, प्रमोद कुमार-हरिद्वार, शिवराज सिंह -चंपावत, प्रियंका प्रीत -बागेश्वर, प्रीतिअधिकारी-अल्मोड़ा,सीमा नेथानी - उधम सिंह नगर,योगेश चंद्र भट्ट- नैनीतालसे आए। इसके पश्चात प्रो. बृज मोहन द्वारा समस्त शोधकर्ताओं के शोध पत्रों का विश्लेषण कर, उन्हें प्रतिपुष्टि (फीडबैक) तथा सुझाव दिए गए। इस दौरान विभिन्न विकासखंड से आये मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ ही संस्थान के संकाय सदस्य डॉ सुबोध सिंह बिष्ट, बबीता सजवाण, ऋचा उनियाल, शान्ति रतूड़ी, सुशील चंद्र जोशी, संगीता कोठारी, टीकाराम रावत आदि मौजूद रहे 7 तथा अंत में शताक्षी शर्मा डी. एल. एड द्वितीय सेमेस्टर प्रशिक्षु द्वारा सेमिनार का फीडबैक (प्रतिपुष्टि) दिया कि पांच फ़रवरी 2026 को आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर अंग्रेज़ी भाषा शिक्षण में नवाचारों पर चर्चा हुई। इसमें संप्रेषण कौशल, शब्द-भंडार विकास, स्थानीय भाषा के प्रभाव तथा नीप 2020 के अनुसार शिक्षण रणनीतियों पर जोर दिया गया। गीत, भूमिका-अभिनय और आईसीटी जैसी गतिविधियों को प्रभावी बताया गया।

# बड़कोट में राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन



**बड़कोट।** उत्तरकाशी जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट के प्राचार्य श्री संजीव जोशी एवं मुख्य अतिथि प्रो. बृज मोहन 'प्रो.ऑफ इंग्लिश, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन इन लैंग्वेजेस, 'NIE, NCERT' द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सेमिनार का शीर्षक 'इनोवेशन इन इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग: स्ट्रेटजीज फोर फाऊंडेशनल स्टेज एंड मिडिल स्टेज क्लासरूम' रहा। शुरुआत सुगमकर्ता हेमू बिष्ट के द्वारा की गई। उन्होंने उत्तराखंड की शिक्षा प्रणाली का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. बृज मोहन मुख्य संदर्भदाता की भूमिका में रहे। सेमिनार का उद्देश्य फाऊंडेशनल स्टेज और मिडिल स्टेज कक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा को नवाचार के माध्यम से सरल व सुदृढ़ बनाना रहा। इसमें उत्तराखंड के समस्त जिलों से आए अंग्रेजी भाषा के शिक्षक-प्रगति चमियाल- उत्तरकाशी ,अजयपाल सिंह नेगी-टिहरी गढ़वाल,त्रिलोक सिंह रावत-पौडी गढ़वाल,कपिल मुनियाल -देहरादून,गरिमा सेमवाल - रुद्रप्रयाग,रजनी सजवान- चमोली,प्रमोद कुमार- हरिद्वार,शिवराज सिंह -चंपावत,प्रियंका प्रीत -बागेश्वर,प्रीति अधिकारी-अल्मोड़ा,सीमा नेथानी - उधम सिंह नगर,योगेश चंद्र भट्ट- नैनीताल से आए थे।


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING
STATE LEVEL SEMINAR 2026


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING
STATE LEVEL SEMINAR 2026
DIET,BKT
T.E./IFIC/2024-25






संस्थान
TRAINING
New Delhi
Language


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING
BARKOT (UTTARKASHI)
STATE LEVEL SEMINAR 2026
"Innovation in English Language Teaching :
Strategies for Primary & Upper Primary Classrooms"
Critique Prof. Braj Mohan,
ational Council of Educational Research Training - New Delhi